# आईआईएम में 7 मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स कल से

**रायपुर @ पत्रिका.** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर ने सितंबर माह के लिए मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स (एमडीपी) की घोषणा की है। लीडरशिप, नवाचार, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और कर्मचारी कल्याण पर केंद्रित ये कार्यक्रम एग्जीक्यूटिव एजुकेशन के अंतर्गत आयोजित होंगे। इनका उद्देश्य प्रतिभागियों को तेज़ी से बदलते कारोबारी माहौल में नई जानकारी, रणनीतिक दृष्टिकोण और रूपांतरणकारी कौशल प्रदान करना है। ये 7 मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट, सूचना प्रणाली, जनरल मैनेजमेंट, एचआरएम और ओबी पर आधारित हैं। जो कि 4 सितंबर से 29 सितंबर के बीच शुरू होंगे। जिसे वरिष्ठ अधिकारियों, मिड-लेवल मैनेजर्स, फंक्शनल लीडर्स और निर्णयकर्ताओं के लिए तैयार किए गए हैं।

IIM-Patrika-Raipur_03 Sep 2025_Pg-04